# यूपीईएस, नाटिंघम विवि देंगे अंतरराष्ट्रीय शिक्षा

देहरादून। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा क्षेत्र में साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए यूपीईएस और यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम के बीच एक समझौता हुआ है। यूपीईएस के इंटरनेशनलिटी प्रमुख और स्कूल ऑफ लॉ के डीन, प्रो. अभिषेक सिन्हा ने बताया कि यह साझेदारी छात्रों के लिए वैश्विक सीखने के अनुभव, अकादमिक एक्सचेंज और संयुक्त शोध परियोजनाओं को बढ़ावा देने की दिशा में की गई।